पंजाब केसरी 16-03-2023

# जी.एम.एन. कालेज में आज 53वीं खेल प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे द ग्रेट खली

अम्बाला छावनी, 15 मार्च (कोचर): जी.एम.एन कालेज अम्बाला छावनी में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16-17 मार्च, 2023 को किया जा रहा है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 16 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहलवान दलीप सिंह राणा (द ग्रेट खली) उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 10 बजे होगा।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक सचिव बृजेश गुप्ता ने बताया कि पहले दिन 16 मार्च को 100 मीटर रेस मैन-विमेन, 50 मीटर, स्लो साइकिलिंग वूमैन, 400 मीटर वूमैन, 200 मीटर मैन, हॉप स्टैप एण्ड जंप वूमैन, 50 मीटर वूमैन, 800 मीटर मैन, हॉप स्टैप एंड जंप मैन, 400 मीटर मैन, 800 मीटर वूमैन, शॉटपुट वूमैन, 200 मीटर मैन-वूमैन, शॉटपुट मैन, 50 मीटर मैन, लांग जम्प वूमैन तथा 1500 मीटर मैन का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 17 मार्च को 3000 मीटर मैन, स्लो साइकिलिंग मैन, लांग जंप मैन, स्किपिंग रेस वूमैन, सक रेस वूमैन, थ्री लैग रेस वूमैन, 400 मीटर मैन, 50 मीटर चाटी रेस वूमैन, 50 मीटर चाटी रेस स्टाफ, चिल्ड्रन रेस टीचिंग, चिल्ड्रन रेस नॉन-टीचिंग, टग ऑफ वार, 100 मीटर टीचिंग स्टाफ रेस, 100 मीटर नॉन-टीचिंग स्टाफ रेस आदि का आयोजन किया जाएगा।